RAF SECTOR

NEWS CLIP

21/01/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

I Next, prayagraj (UP)

पतंगबाजी का उठाया आनंद

PRAYAGRAJ: मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में सोमवार को 101 रैपिड एक्सन फोर्स बटालियन में पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया. जिसमें आरएएफ जवान के परिवार के सदस्यों ने पतंगबाजी का आनंद लिया. क्षेत्रीय कावा अध्यक्ष श्रीमती सुनीता निगम की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ. इस दौरान पतंगबाजी के साथ ही म्यूजिकल चेयर व अन्य प्रतियोगिताएं हुईं. इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी केके सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी नरेंद्र कुमार, दीपक तिवारी आदि मौजूद रहे.

Dainik jaagran, prayagraj (UP)

आरएएफ के कैंप में पिलाई पोलियो रोधी ड्रॉप

जासं, प्रयागराज : पल्स पोलियो रोधी अभियान के तहत रविवार को रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के शांतिपुरम स्थित परिसर में कैंप लगाया गया। कैंप का शुभारंभ कमांडेंट आरके निगम और कावा अध्यक्ष सुनील निगम ने किया। इस दौरान शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी ड्रॉप पिलाते हुए कमांडेंट ने कहा कि ड्रॉप जरूर पिलाएं जिससे वह खतरनाक बीमारी से सुरक्षित रहें। इस मौके पर आरएएफ अस्पताल के सीएमओ कुंदन कुमार, डिप्टी कमांडेंट नरेंद्र कुमार, दीपक तिवारी आदि थे। दूसरी ओर आरएएफ परिसर में पतंगबाजी महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें आरएएफ के अधिकारियों, जवानों और उनके परिवार के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

आरएएफ परिसर में लगे शिविर में बच्चे को पोलियो ड्राप पिलातीं कावा अध्यक्ष सुनीता निगम • जागरण

Dainik sabera Jalandhar (PB)

लिद्दड़ां में पोलियो रोधी कैंप लगाया

राजेंद्र प्रसाद कमांडर-114 बटालियन नन्हे बच्चे को पोलियो दवाई देते हुए

जालंधर 19 जनवरी (अक्षय मट्टू) : शनिवार को 114 बटालियन द्रुत कार्य बल लिद्दड़ां कैंप में नैशनल हैल्थ मिशन के तहत पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद कमांडर-114 बटालियन द्रुत कार्य बल, सचिन चौहान द्वितीय कमान अधिकारी, डाक्टर भाग्य लक्ष्मी एस. चिकित्सा अधिकारी, कुलदीप सिंह एसएमओ, इंद्रा देवी वैक्सीनेशन सुपरवाइजर (सिविल अस्पताल करतारपुर) एवं 114 बटालियन के अधिकारीगण के सहयोग से स्थानीय गांव एवं जवानों के लगभग 66 बच्चों को पोलियो रोधी ड्रॉप्स पिलाए। राजेंद्र प्रसाद कमांडैंट 114 बटालियन द्रुत कार्य बल द्वारा पल्स पोलियो अभियान के धेय एवं महत्व के बारें में जवानों, स्थानीय ग्रामवासियों को जानकारी दी गई।

अभियान को सफल बनाने में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें मीडिया कर्मी भी मौजूद थे।

REDMI NOTE 5 PRO

Amarujala, prayagraj (UP)

बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

प्रयागराज। रैपिड एक्शन फोर्स(आरएएफ) 101 बटालियन की ओर से रविवार को शिविर लगाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। शांतिपुरम स्थित बटालियन परिसर में कैंप लगाकर पांच साल के बच्चों को यह खुराक दी गई। इस दौरान कमांडेंट आरके निगम, सीएमओ कुंदन कुमार, उप कमांडेंट दीपक तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे। उधर जवानों के परिवार की महिलाओं की संस्थ कावा की ओर से कैंप परिसर में पतंगबाजी महोत्सव का भी आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुनीता निगम व अन्य पदाधिकारियों के साथ जवानों के परिवार की महिलाएं व बच्चे भी शामिल हुए।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।